टीवी मरीजों को पोषण किट वितरण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

चाकसू । विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मंगलवार को चाकसू उप जिला अस्पताल में 100 टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण राशन किट का वितरण किया गया। हां हम टीवी का अंत कर सकते हैं थीम और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र कार्यक्रम में मुकुल माधव फाउंडेशन एवं फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज की ओर से उप जिला चिकित्सालय में एक कार्यक्रम हुआ। जिसमें टीवी मरीजों को अतिरिक्त सुरक्षा उपाय बरतने, मास्क लगाने, परिजनों से दूरी बरतने, परिजनों का टीवी परीक्षण कराने को जानकारी दी गई। साथ ही

मरीजों की दिनचर्या, संतुलित आहार एवं निरंतर दवा सेवन का बारे में भी जागरूक किया गया । कार्यक्रम में चाकसू उप जिला अस्पताल के प्रभारी एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतुराज मीणा, बीसीएमओ डॉ. श्याम सुन्दर दायमा, नितिन खण्डेलवाल जी एसटीएस ने सौ मरीजों को निशुल्क पोषण सामग्री किट का वितरण भी किया। दयाराम स्वामी ने बताया कि खण्ड चाकसू में नि-क्षय मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' पहल के तहत कुल 100 टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण राशन उपलब्ध कराया गया है। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर इस विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । उपस्थित अधिकारियों ने मुकुल माधव फाउंडेशन एवं फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा टीबी मरीजों के लिए किए जा रहे निरंतर सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामाजिक सहभागिता से टीबी के विरुद्ध लड़ाई को मजबूती मिलती है तथा मरीजों में सकारात्मक मनोबल विकसित होता है । कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग एवं टीबी यूनिट स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया ।